**प्रेस नोट**

**जनपद–सोनभद्र**

**दिनांक–02.11.2025**

## सर्विलांस, एसओजी व जनपद के समस्त थानों की संयुक्त कार्रवाई द्वारा CEIR पोर्टल के माध्यम से ट्रेस किए गए 101 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद (कीमत लगभग 11 लाख रुपये)

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में साइबर अपराध की रोकथाम तथा आमजन को तकनीकी माध्यम से न्याय दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सर्विलांस सेल, एसओजी टीम तथा जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई।

टीमों द्वारा CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के माध्यम से तकनीकी ट्रेसिंग कर कुल 101 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोन को वास्तविक स्वामियों को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आज दिनांक 02.11.2025 को सुपुर्द किया गया।

मोबाइल प्राप्त होने पर नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनपद सोनभद्र पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा संबंधित पुलिस टीमों के इस सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा की गई एवं उन्हें प्रोत्साहित किया गया।